



# प्रश्न मंच





**श्री पंकज गर्ग**

**1. नियाग्रा जल प्रपात (फाल) किन देशों की सीमा पर स्थित हैं ?**



1. स्विटजरलैंड और जर्मनी
2. अमेरिका और कनाडा
3. फ्रांस और इटली
4. डेनमार्क और स्वीडन

**2. देश का पहला 'नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजास्टर रिस्पांस' किस राज्य में खोला जाएगा?**

1. तमिलनाडू 3. दिल्ली
2. महाराष्ट्र 4. राजस्थान

**3. अपरदन में किस कारण से 'ज्यूमेन' का निर्माण होता है।**

1. नदी 3. हिमजल
2. पवन 4. भूमिगत जल

**4. भारत के पश्चिमी समुद्र तट पर वर्षा किस नानसून से होती है।**

1. उत्तर-पूर्व 3. दक्षिणी-पूर्व
2. उत्तर-पश्चिमी 4. दक्षिण-पश्चिमी

**5. निम्न दिवसों में किस दिन मनुष्य की छाया सबसे छोटी होती है।**

1. 25 दिसम्बर 3. 21 जून
2. 21 मार्च 4. 14 फरवरी

**6. वायुमंडल में उपस्थित जल -**

1. तापमान पर निर्भर करता है।
2. तापमान वृद्धि के साथ बढ़ता है।
3. तापमान वृद्धि के साथ घटता है।
4. तापमान वृद्धि के साथ न घटता है, न बढ़ता है।

**7. मौसम संबंधित परिवर्तन का सर्वाधिक संबंध किस क्रिया से होता है।**

1. चक्रवीय क्रिया 3. ताप परिवर्तन
2. आर्न्द्रता परिवर्तन 4. वायुदाब परिवर्तन

**8. बादल फटने का तात्पर्य है -**

1. लंबे समय तक वर्षा
2. तडित झंझा के साथ तीव्र मूसलाधार वर्षा की असमान्य दशा
3.आकाश में घने बादल
4. बिजली चमकने की स्थिति

**9. संसार का सबसे आर्न्द्रतम स्थान है -**

1. चेरापूंजी 3. मनिसराम
2. सिंगापुर 4. वायलील

**10. चंद्राकार बालू वाले टीलों को क्या कहते है ?**

1. बरखान 3. यारडांग
2. ज्यूमेन 4. तटबंध

**11. 'मानसून' किस भाषा का शब्द है।**

1. अंग्रेजी 3. फ्रेंच
2. अरबी 4. स्पेनिश

**12. ओजोन पर्त को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाने वाली गैस कौन सी है ?**

1. कार्बन- डाई- ऑक्साइड 3. क्लोरीन
2. मीथेन 4. ऑक्सीजन

**13. सूर्य अपनी चमक और ताप बनाए रखता है -**

1. रसायनिक प्रक्रिया द्वारा
2. हीलियम के विखंडन से
3. कार्बन के प्रजवलन से
4. प्रोटान के सलंचन से

**14. स्वेज नहर कब बन कर तैयार हुयी थी ?**

1. 1869 3. 1881
2. 1854 4. 1876

**15. समुद्र तल से नीची झील है।**

1. अरब सागर
2. बेकाल झील
3. मृत सागर
4. वूलर झील

**16. किस आकाशीय पिण्ड को 'पृथ्वी के पुत्र' के नाम से जाना जाता है।**

1. बुध 3. चंद्रमा
2. शुक्र 4. सूर्य

**17. कौन से महाद्वीप में एक भी ज्वालामुखी नहीं हैं।**

1. आस्ट्रेलिया 3. अफ्रीका
2. यूरोप 4. एशिया

**18. पक्षियों का महाद्वीप कहते है -**

1. उत्तरी अमेरिका 3. आस्ट्रेलिया
2. दक्षिणी अमेरिका 4. अंटार्कटिका

**19. 'पृथ्वी की बहन' किस ग्रह को कहते है ?**

1. शुक्र ग्रह 3. मंगल ग्रह
2. बुध ग्रह 4. शनि ग्रह

**20. समुद्र, जल से कभी ऊपर तक नहीं भरता -**
1. समुद्र सदैव गहरा और गहरा होता जाता है।
2. समुद्र का जल वाष्पित होकर ऊपर जाता है।
3. समुद्र को ऊपर तक भरने में प्राप्त जल नहीं होता।
4. पृथ्वी, जल का शोषण करती है इसलिए कितनी भी वर्षा क्यों न हो, परंतु समुद्र कभी ऊपर तक नहीं भरता।

**21. 'सात पर्तो' वाला पहाड़ किसे कहा जाता है ?**
1. अरावली 3. विन्ध्याचल
2. सतपुड़ा 4. इनमें से कोई नहीं

**22. भारत में तापमान सबसे अधिक कब होता है?**
1. प्रातः 9 बजे
2. सायः 3 बजे
3. दोपहर 12 बजे
4. सायः 5 बजे

**23. भारत के कुल भू-क्षेत्रफल का कितने प्रतिशत भाग पर्वतीय है?**
1. 10% 3. 12%
2. 11% 4. 15%

**24. गहरे समुद्र में गोताखोर निम्न में से किसी एक गैस मिश्रण का प्रयोग करते हैं।**
1. हीलियम और ऑक्सीजन
3. ऑक्सीजन और एसीटीलीन
2. हीलियम और नाइट्रोजन
4. हाइड्रोजन और ऑक्सीजन

**25. कौन सा पर्वत भारत में मानसून की गति में बाधा डालता है ?**
1. हिमालय 3. सतपुड़ा
2. विन्धयाचल 4. नीलगिरि

**26. विश्व की सबसे गहरी झील -**
1. बैकाल झील 3. विक्टोरिया झील
2. डल झील 4. लोनार झील

**27. 'लोनार झील' भारत के किस राज्य में स्थित है ?**
1. महाराष्ट्र 3. कनार्टक
2. उड़ीसा 4. आंध्र प्रदेश

**28. 'जोजीला दर्रा' भारत के किस राज्य में स्थित है।**
1. जम्मू और कश्मीर 3. हिमाचल
2. उत्तराखण्ड 4. सिक्किम

**29. पृथ्वी का पलायन वेग (एस्केप वेलोसिटी) कितनी है ?**
1. 15 किमी प्रति सैकेण्ड
2. 21.1 किमी प्रति सैकेण्ड
3. 7.0 किमी प्रति सैकेण्ड
4. 11.2 किमी प्रति सैकेण्ड

**30. भारत में चंदन के वन सबसे अधिक कहां पाए जाते है।**
1. विंध्य की पहाडियों में
2. शिवालिक की पहाडियों में
3. अरावली की पहाडियों में
4. नीलगिरी की पहाडियों में

**31. किस देश को 'चरागाहों का स्वर्ग' (Grass Land) कहा जाता है।**
1. अमेरिका 3. नीदरलैण्ड
2. आस्ट्रेलिया 4. न्यूजीलैण्ड

**32. किस देश को वनों का देश कहते है।**
1. रूस 3. सूरीनाम
2. ब्राज़ील 4. कांगो प्रजातांत्रिक गणतंत्र

**33. द्वीपों की संख्या सबसे अधिक किस महासागर में देखने को मिलती है ?**
1. प्रशांत महासागर
2. अटलांटिक महासागर
3. हिन्द महासागर
4. आर्कटिक महासागर

**34. भारत में पहली बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजना का निमार्ण किस नदी पर किया गया ?**
1. गोदावरी 3. कावेरी
2. दामोदर 4. कोयना

**35. वह युक्ति (डिवाइज) जो पानी के अन्दर वस्तुओं की दूरी, दिशा और गति मापन में पराबैंगनी तरगों का उपयोग करती है, कहलाती है।**
1. लेजर 3. राडार
2. सोनार 4. एम्पलीफॉयर

**36. किस प्राकृतिक प्रदेशों में वनस्पतियों की सबसे अधिक विविधता देखने को मिलती है ?**
1. मानसूनी प्रदेश 3. भू-मध्यसागरीय प्रदेश
2. विषुवतीय प्रदेश 4. सवाना प्रदेश

**37. तापमान रिकार्ड करने वाले यंत्र को लकड़ी के बॉक्स में क्यों रखा जाता है ?**
1. वह सुरक्षित रहे
2. वर्षा व नदी का प्रभाव न पड़े
3. सौर विकरणों से अप्रभावित रखने के लिए
4. उपरोक्त में कोई नहीं

**38. सुनामी लहरें खुले समुद्र में कितने किलोमीटर तक जा सकती है ?**
1. 400 किमी 3. 600 किमी
2. 800 किमी 4. 1000 किमी

**39. भारत का कितने प्रतिशत भू-भाग रैनफैड है।**
1. 40% 3. 68%
2. 50% 4. 75%

**40. भोपाल गैस दुर्घटना 2-3 दिसम्बर, 1984 में कौन-सी गैस का रिसाव हुआ था ?**
1. क्लोरिन 3. सल्फर- डाई- ऑक्साइड
2. ऑइसो साइनाइड 4. कार्बन- डाई- ऑक्साइड

**41. पृथ्वी में वार्षिक औसत वाष्पीकरण कितना है।**
1. 500 मिली मीटर 3. 956 मिली मीटर
2. 800 मिली मीटर 4. 1004 मिली मीटर

**42. पृथ्वी के किस भाग में दिन व रात बराबर होती है।**
1. दक्षिणी ध्रुव पर
2. उत्तरी ध्रुव पर
3. इक्वेटर पर
4. उपरोक्त में कोई नहीं

**43. काल्पनिक रेखाएं जो समान वर्षा प्रदर्शित करती है।**
1. आइसोक्रोम 3. आइसोहाइट
2. आइसोहोल 4. आइजोफैन

**44. काल्पनिक रेखाएं जो समान समय प्रदर्शित करती है।**
1. आइसोटोप 3. आइसोक्रोम
2. आइसोहैल 4. आइसोथर्म

**45. काल्पनिक रेखाएं जो समान सूर्य की चमक प्रदर्शित करती है, कहलाती है -**
1. आइसोप्लथ 3. आइसोथर्म
2. आइसोहैल 4. आइसोक्रोम

**46. काल्पनिक रेखाएं जो समान मौसम प्रदर्शित करती है, कहलाती है -**
1. आइसोफैन 3. आइसोटोप
2. आइसोटेक 4. आइसोथर्म

**47. काल्पनिक रेखाएं जो समान वाष्पीकरण प्रदर्शित करती है, कहलाती है -**
1. आइसोबर्ग 3. आइसोफैन
2. आइसोहैल 4. आइसोप्लूथ

**48. काल्पनिक रेखाएं जो समान तापमान प्रदर्शित करती है, कहलाती है -**

1. आइसोक्रोम
2. आइसोटोप
3. आइसोथर्म
4. आइसोफैन

**49. काल्पनिक रेखाएं जो समान वायुगति प्रदर्शित करती है, कहलाती है -**

1. आइसोटोप
2. आइसोफैन
3. आइसोथर्म
4. आइसोटेक

**50. आकाश में विद्युत चमकने के दौरान कौन-सी गैस बनती है ?**

1. कार्बन डाईऑक्साइड
2. ऑक्सीजन
3. नाइट्रोजन पराऑक्साइड
4. सल्फर डाईऑक्साइड

*संपर्क करें :*
**श्री पंकज गर्ग**
**रा.ज.सं., रुड़की**

**उत्तरमाला**

| प्रश्न | उत्तर | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 26 | 1 |
| 2 | 2 | 27 | 1 |
| 3 | 2 | 28 | 1 |
| 4 | 4 | 29 | 4 |
| 5 | 3 | 30 | 4 |
| 6 | 2 | 31 | 4 |
| 7 | 4 | 32 | 4 |
| 8 | 2 | 33 | 1 |
| 9 | 2 | 34 | 2 |
| 10 | 3 | 35 | 2 |
| 11 | 2 | 36 | 3 |
| 12 | 3 | 37 | 3 |
| 13 | 1 | 38 | 2 |
| 14 | 1 | 39 | 3 |
| 15 | 3 | 40 | 2 |
| 16 | 3 | 41 | 4 |
| 17 | 1 | 42 | 3 |
| 18 | 1 | 43 | 3 |
| 19 | 1 | 44 | 3 |
| 20 | 1 | 45 | 2 |
| 21 | 2 | 46 | 1 |
| 22 | 2 | 47 | 4 |
| 23 | 2 | 48 | 3 |
| 24 | 1 | 49 | 4 |
| 25 | 1 | 50 | 3 |



# समझाती रही नानी पानी की कहानी



**योगेश चन्द्र जोशी**

**ज्यादातर परिवारों में पवित्र गंगाजल को अनमोल बताकर पानी की फिजूलखर्ची नहीं करने का संस्कार देने वाले हमारे बुजुर्ग ही होते हैं। पर हम कहां समझ पाए थे गंगाजल की ही तरह पानी का भी मितव्ययिता से उपयोग करने का यह संदेश।**

कोई गाय मौत के लिए छटपटा रही हो या मोहल्ले में किसी के यहां अंतिम सांसें गिन रहे किसी परिजन को गीता का अठारहवां अध्याय सुनाने के हालात बन रहे हों, तो उस समय उनके परिवार का कोई सदस्य कटोरी या भगोनी लेकर चला आता था। वह दरवाजा खटखटाने के साथ ही कौशल्या नानी कहकर आवाज लगाता और सारे हालात को बताकर गंगाजल और तुलसी के पत्ते देने का अनुरोध करता। नानी बड़बड़ाती हुई पूजाघर में जाती, चंदन-कुमकुम के छींटों से रंग-बिरंगी हुई कांच की बोतल, चम्मच, गमले के आस-पास गिरे तुलसी के पत्ते लेकर उत्तरती और कटोरी में दो चम्मच गंगाजल डालकर तुलसी के पत्ते थमाकर दरवाजा बंद कर लेती।

कटोरी में रखा गंगाजल वे अपने ही हाथों से गाय के मुंह में डालते हुए हमें सीख देती थी कि तुम्हें गंगाजल की कीमत का पता नहीं है, नीचे गिरा दोगे। उसके उपरांत गाय की परिक्रमा लगाती थी और साथ ही प्रार्थना भी करती थी कि हे दीनानाथ, मत तड़पाओ इस जीव को, अपने पास बुला लो। तड़पती गाय के लिए दयामृत्यु की प्रार्थना स्वीकारे जाने के बदले नानी दो या पांच ग्यारस के व्रत कबूलना नहीं भूलती थी। हमें आश्चर्य होता था कि दीनानाथ प्रार्थना तत्काल कैसे स्वीकार कर लेते हैं? हम भी गाय की आत्मा की शांति के लिए निर्जला एकादशी का व्रत उत्साह से करते थे। इस एकादशी पर पानी वर्जित होने से आम खूब खाने को मिलते थे। घर पर जब कोई रात-बिरात गंगाजल मांगने आता था तो नानी की खटर-पटर से कई बार हमारी आंखें खुल जाती थी। दो चम्मच गंगाजल देने के उनके नियम में बदलाव हमें कभी नजर नहीं आया। हम कहते थे कि गंगाजल देने में भी मितव्ययिता कैसी? तो उनके उपदेश शुरू हो जाते थे कि तुम्हें तो पानी की ही कद्र नहीं पता, तो गंगाजल का मोल क्या समझोगे? तुम्हें कंजूसी तो नजर आई, पर यह थोड़ी पता है कि 20-25 साल पहले कितने संकट उठाकर लाई हूं हरिद्वार से।

ज्यादातर परिवारों में गंगाजल को अनमोल बताकर पानी की फिजूलखर्ची नहीं करने का संस्कार देने वाले हमारे बुजुर्ग ही होते हैं। पर हम कहां समझ पाए थे गंगाजल की ही तरह पानी का भी मितव्ययिता से उपयोग करने का यह संदेश। दशकों पूर्व तब हर घर में निजी नल कनेक्शन भी नहीं होते थे। पूरे प्रेशर के साथ सरकारी नल सुबह-शाम आधे घंटे तो चलते ही थे। हम भी स्टील का डिब्बा या पीतल का घड़ा लेकर पहुंच जाते थे। नल से घर तक की दूरी तय करने में दो-तीन जगह तो सुस्ताते, उसके बाद भी घर तक पहुंचते-पहुंचते बर्तन में पानी आधा ही रह जाता था। पूरे रास्ते पानी गिरने के कारण गीली हुई मिट्टी की मोटी लकीर बन जाती थी। पानी का मोल ना समझने को लेकर फिर से नानी के उपदेश शुरू हो जाया करते थे।

पूरे मोहल्ले में जब बच्चे अपनी साइकिल, खिलौने देखकर फूले नहीं समाते थे, तब हम अपनी छोटी बाल्टियों पर इतराते थे। मोहल्ले के बड़े-बूढ़े जब तीर्थयात्रा से आते थे तो गंगाजल, अमृत, आब जमजम व खजूर प्रसाद के रूप में घर-घर बांटे जाते थे। नजदीकी रिश्तेदारों को तांबे के छोटे-छोटे पात्रों में लाया गया गंगाजल दिया जाता था। जिन घरों में ये पात्र दिए जाते थे, वे तब तक इन्हें पूजाघर में रखते थे, जब तक कि शुभ अवसर पर उद्यापन न किया जाए। अभी भी विवाह पत्रिकाओं में गंगापूजन का उल्लेख होता है। गंगापूजन के लिए जब नदी पर जल भरने महिलाएं जाती हैं तो गंदगी का नाला देखकर उनका मन दुःखी होता है। ज्यादातर परिवार तो साथ में कुएं से मिट्टी के कलश भरकर उनमें थोड़ा-थोड़ा गंगाजल इस आस्था के साथ डालते हैं कि सारे कलशों का पानी गंगाजल हो गया है।

अक्सर यह सोचकर आश्चर्य होता है कि गंगाजल, अमृत, आबेजमजम के प्रति इतनी आस्था के बाद भी हम पानी का मोल क्यों नहीं समझ पा रहे हैं? हम स्वयं तो पानी का अपव्यय कर रहे हैं और इसे बचाने की अपेक्षा पड़ोसी से ही क्यों करते है?

*संपर्क करें :*
**योगेश चन्द्र जोशी**
**रुड़की**